हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 17 जून 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 अपहरण की कोशिश करने वाले 8 आरोपियों...



09 आज महिलाओं ने जो ऊंचाईयां हासिल की हैं वह स्व...




## खबर संक्षेप

### 18 को गंजबासौदा आएंगे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता

**विदिशा।** जिले के गंजबासौदा में 18 जून को कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी शामिल होंगे। जिला कांग्रेस प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ममता भूपेश, एआईसीसी सचिव कुणाल चौधरी, पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर, राजेंद्र मालवीय, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पूर्व सांसद-विधायक, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवा दल व अन्य सभी मोर्चा संगठन पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे।

### मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों के खातों में डाले 34.55 करोड़ रुपए

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिले की 2.76 लाख लाड़ली बहनों के बैंक खातों में कुल 34.55 करोड़ रुपए की राशि सिंगल क्लिक से डाली। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एनआईसी कक्ष में किया गया, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी व लाभार्थी मौजूद रहे। संबल योजना के तहत जिले के 85 प्रकरणों में 1.89 करोड़ रुपए की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचाई गई है।

### ई-केवाईसी कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने समग्र आईडी की ई-केवाईसी प्रक्रिया को समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जनपदवार प्रतिदिन 1000 से 1500 हितग्राहियों की ई-केवाईसी कराने को कहा गया है। नगरीय क्षेत्रों में डोर-टू-डोर अभियान चलाने के निर्देश देते हुए उन्होंने जनप्रतिनिधियों को पूर्व सूचना देने व आवश्यकतानुसार एनाउंसमेंट कराने को कहा। निर्देशों के पालन में नगरपालिका सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने वार्ड 1, 9 व 10 में ई-केवाईसी कार्यों की निगरानी की व नागरिकों को इसके लाभों से अवगत कराया।

### मुख्यमंत्री की घोषणाओं की समीक्षा 18 को होगी

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा विदिशा जिले से संबंधित की गई घोषणाओं की स्थिति व लंबित कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा बुधवार 18 जून को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि लंबित मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा बैठक में 13 दिसम्बर 2000 से 15 अप्रैल 2025 तक की स्थिति में लंबित मुख्यमंत्री घोषणाओं के संबंध में विभागवार समीक्षा की जाएगी।

### लघु उद्योग भारती की मध्य भारत अंचल बैठक

**विदिशा।** लघु उद्योग भारती मध्य भारत अंचल की बैठक विदिशा में सम्पन्न हुई, जिसमें 16 जिलों से आए 75 से अधिक उद्यमियों ने भाग लिया। बैठक में संगठन विस्तार, महिला व युवा उद्यमिता को प्रोत्साहन, तथा अधिक लघु उद्योगों को जोड़ने पर चर्चा हुई। अखिल भारतीय उपाध्यक्ष ताराचंद गोयल, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र गुप्त, प्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। द्वितीय सत्र में मध्य भारत अंचल का पुनर्गठन कर नए दायित्वों की घोषणा की गई। संगठन से जुड़ने के लाभ भी विस्तार से बताए गए।

### उपस्थिति के लिए प्लान तैयार करने के निर्देश

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी विभागों के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे स्वंय और अधीनस्थ कर्मचारियों की कार्यालयीन उपस्थिति समय पर सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारियों और विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति समय पर हो इसके लिए एनआईसी के डीआईओ को ई प्लान तैयार करने के निर्देश दिए।

## 1100 रुपए में 10 फलदार पौधे लगवाएं

# बेतवा के उदगम झिरी में फलदार पौधों का वितरण शुरू, 15 जुलाई तक चलेगा, जल संरक्षण व ग्रामीण आजीविका को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बेतवा नदी के उद्गम स्थल झिरी में 15 जून से सघन पौधरोपण अभियान का दूसरा चरण प्रारंभ हो गया है। यह अभियान 15 जुलाई तक चलेगा।

इस दौरान झिरी गांव के हर परिवार को 10-10 फलदार पौधे वितरित किए जा रहे हैं। पौध वितरण उन्हीं परिवारों को किया जा रहा है जिन्होंने पहले से रोपण हेतु गड्ढे तैयार कर लिए हैं। हर परिवार इन पौधों की देखरेख और सुरक्षा का संकल्प भी ले रहा है। इस अभियान की शुरुआत संयोजक डॉ. आर.के. पालीवाल (आईआरएस) और गांधी विचारक डॉ. सुरेश गर्ग ने की। उन्होंने बेतवा उद्गम मंदिर वाटिका में पुजारी को सीताफल का पौधा भेंट कर पौधरोपण की औपचारिक शुरुआत की।

इसके पश्चात ग्रामीणों को आम, अमरूद, नींबू और कटहल के उत्तम गुणवत्ता वाले फलदार पौधे वितरित किए गए।




विदिशा। बैठक के दौरान पौधरोपण की रणनीति बनाते हुए समिति के वरिष्ठ जन।

### जल संरक्षण व आयवृद्धि की दोहरी पहल

इस अभियान के पहले चरण में 25 से 31 मई तक क्षेत्र में 55 चेक डैम का निर्माण कराया गया था ताकि वर्षा जल का संग्रहण कर बेतवा के जलस्तर को पुनर्जीवित किया जा सके। अब दूसरे चरण में फलदार पौधों के माध्यम से किसानों को बागवानी की ओर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे जहां जल संरक्षण को बल मिलेगा, वहीं किसानों की आमदनी में भी बढ़ोतरी होगी। जल की अधिक खपत वाली पारंपरिक फसलों के स्थान पर फल उत्पादन से सतत सिंचाई व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी। बेतवा पुनर्जीवन अभियान में भोपाल और विदिशा के पर्यावरण प्रेमियों, युवा फाउंडेशन, ग्राम सेवा समिति भोपाल, गांधी सुमिरन मंच, और एनजीओ पाठशाला के स्वयंसेवक सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अभियान से जुड़ने के इच्छुक नागरिक 1100 रुपए में 10 फलदार पौधों का दान कर इस जनभागीदारी में योगदान दे सकते हैं।

### नदियों के अस्तित्व पर खतरा

संयोजक डॉ. आरके पालीवाल ने चिंता जताई कि बेतवा, चंबल, केन और पार्वती जैसी राज्य की प्रमुख नदियों के उद्गम संकट में हैं। उन्होंने कहा बेतवा समूह अपने स्तर पर प्रयासरत है, लेकिन सरकारी स्तर पर अभी भी गंभीर पहल की कमी है। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. सुरेश गर्ग ने कहा कि पिछले तेईस वर्षों से बेतवा के लिए श्रमदान किया जा रहा है। अब समय है कि विदिशा के नागरिक स्वयं आगे आएं। केवल झिरी में काम करने से कुछ नहीं होगा। जब हम सब जागेंगे, तभी बेतवा पुनः कल-कल बहेगी।

## लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने दिए निर्देश

# सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही करने पर कलेक्टर सख्त, वेतन रोकने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में सीएम हेल्पलाइन के तहत लंबित आवेदनों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले विभागों पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सख्त रुख अपनाया है। सोमवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि डी ग्रेड सूची में शामिल विभागों के संबंधित अधिकारियों का वेतन रोका जाए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने स्पष्ट किया कि जिन विभागों का प्रदर्शन 90 प्रतिशत से कम है, उनकी समीक्षा पुनः बुधवार को की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों का समय पर और गुणवत्तापूर्ण निराकरण न होने से जिले की रैंकिंग पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। इस स्थिति में सुधार के लिए विभागीय अधिकारियों को विशेष प्रयास करने होंगे। बैठक में निर्देशित किया गया कि वरिष्ठ कार्यालयों व अधिकारियों से प्राप्त अर्द्धशासकीय पत्रों का उत्तर संबंधित विभाग तत्काल तैयार कराएं और उसकी एक प्रति कलेक्ट्रेट के नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।




विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर गुप्ता।

### न्यायालयीन प्रकरणों में लापरवाही न हो: कलेक्टर

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय-सीमा में जवाब दाखिल कराना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक पोर्टल पर जवाब प्रस्तुत होने की पुष्टि नहीं होती, मौखिक स्वीकृति मान्य नहीं होगी। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में हुई बैठक में कलेक्टर ने चेताया कि न्यायालयीन प्रकरणों में लापरवाही से अवमानना की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिसे हर हाल में टालना जरूरी है। सभी विभाग गंभीरता से जवाब प्रस्तुत करें और पोर्टल पर अद्यतन जानकारी अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

### आवेदकों से संवाद कर समाधान सुनिश्चित करें

कलेक्टर ने यह भी कहा कि यदि कोई आवेदन बजट से संबंधित है, और तत्काल समाधान संभव नहीं है, तो आवेदकों से सीधा संवाद कर वस्तुस्थिति स्पष्ट करें। साथ ही आश्वस्त करें कि बजट प्राप्त होते ही कार्यवाही की जाएगी।

### 20 तारीख तक सुधार लाने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि 20 तारीख को जारी होने वाली प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग में विदिशा की रैंकिंग बेहतर बने, यह सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों के शीघ्र और संतोषजनक समाधान की दिशा में त्वरित कार्रवाई करें। रैंकिंग न सुधरने पर अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### बिजली आपूर्ति की समीक्षा कर सुधार करने के निर्देश दिए

कलेक्टर ने जिले में बिजली आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के डीई अरविंद वर्मा ने बताया कि हाल ही में गिरे विद्युत पोलों से आई बाधाएं अब दूर कर दी गई हैं और बिजली आपूर्ति पूर्ववत हो गई है। कलेक्टर ने एसडीएमों से संवाद कर क्रॉस मॉनिटरिंग कराई, जिसमें सामने आया कि अधिकांश क्षेत्रों में बिजली मिल रही है, लेकिन बार-बार ट्रिपिंग और कटौती की समस्या बनी हुई है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, विशेषकर पेयजल आपूर्ति वाले क्षेत्रों में बिजली बाधित न हो। कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता ने ट्रांसफार्मर संबंधी शिकायतों वाले क्षेत्रों में दो दिन के भीतर ट्रांसफार्मर बदलने और अस्पतालों में निर्बाध बिजली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण किया, छात्र उपस्थिति में भारी कमी, शिक्षकों को चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले में संचालित शासकीय विद्यालयों की सघन मॉनिटरिंग शुरू हो गई है। इसी कड़ी में आज एपीसी दिनेश कुमार विश्वकर्मा एवं जनशिक्षक तुलसीराम अहिरवार द्वारा विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की उपस्थिति की वास्तविक स्थिति जानना और शिक्षण गुणवत्ता का आंकलन करना था।

सबसे पहले शासकीय प्राथमिक शाला धतूरिया का निरीक्षण प्रातः 9:15 बजे किया गया, जहां सभी शिक्षक उपस्थित मिले। शाला में कुल 31 छात्र दर्ज हैं, परंतु केवल 10 छात्र ही उपस्थित पाए गए। शिक्षकों को छात्र उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

शासकीय माध्यमिक शाला धतूरिया में 34 दर्ज छात्रों में से मात्र 11 छात्र उपस्थित मिले, हालांकि स्टाफ पूरी तरह से उपस्थित रहा। इसके बाद शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला मूडरा हरिसिंह का निरीक्षण किया गया, जहां स्थिति और भी चिंताजनक रही। कुल पांच पदस्थ शिक्षकों में से एक शिक्षिका, श्रीमती चन्द्रकला सोनी, बिना सूचना के अनुपस्थित पाई गईं, जबकि केवल 7 छात्र ही कक्षा में उपस्थित थे।

### 60 दर्ज छात्रों में केवल 15 छात्र स्कूल पहुंचे

शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला किरमची बंधेरा में स्टाफ पूर्ण रूप से उपस्थित था, लेकिन 60 दर्ज छात्रों में केवल 15 छात्र ही स्कूल पहुंचे थे। शासकीय प्राथमिक शाला ककरुआ चक्क में 22 नामांकित छात्रों में से 13 उपस्थित थे। कक्षा 4 और 5 के छात्र गणित विषय के प्रश्नों का समाधान करते दिखे, जिससे उनकी विषय पर पकड़ स्पष्ट हुई। इसी क्रम में शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला गौरिया का भी निरीक्षण किया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विद्यालयों में छात्र उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाएं। बिना सूचना अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। कलेक्टर ने कहा है कि शिक्षा की गुणवत्ता और अनुशासन में कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## 21 जून को विश्व योग दिवस पर होंगे सामूहिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस 21 जून को आयोजित होने वाले सामूहिक योग के विभिन्न स्तरों पर आयोजित कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनो की समीक्षा के दौरान लिया है।

कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित बैठक में जिपं सीईओ द्वारा जिला, विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर आयोजित होने वाले सामूहिक योग कार्यक्रम की जानकारियां सांझा करते हुए उन्होंने बताया कि तीनो स्तरो पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। जिले के सभी 121 अमृत सरोवर तालाबो के किनारे तथा पुरातत्व धरोहर व पर्यटन स्थल बासौदा में नीलकंठेश्वर मंदिर एवं उदयगिरी में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन विशेष तौर पर किया जाएगा।

जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि 21 जून को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रमों में व्यवस्थाओं के लिए जिला आयुष अधिकारी को नोडल तथा सहायक नोडल का दायित्व जिला शिक्षा अधिकारी व डीपीसी को संयुक्त रूप से सौपा गया है। मुख्यालयों पर जनपद सीईओ, सीएमओ व खंड शिक्षा अधिकारी को संयुक्त रूप से दायित्व सौंपा गया है।

### पॉलीटेक्निक में डिप्लोमा प्रवेश का द्वितीय राउंड शुरू

**विदिशा।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय लटेरी में सत्र 2025-26 हेतु डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में द्वितीय राउंड के प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। प्रवेश 10वीं के अंकों के आधार पर होगा। अभ्यर्थी 17 जून तक एमपी ऑनलाइन या संस्था में पंजीयन करा सकते हैं। चॉइस फिलिंग 10 से 21 जून तक और रिपोर्टिंग 26 से 30 जून के बीच होगी। सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल एवं कंप्यूटर साइंस में 30-30 सीटें उपलब्ध हैं। डॉ. अंबेडकर योजना अंतर्गत एससी छात्रों को निःशुल्क प्रवेश, छात्रावास, पुस्तकें, स्टेशनरी व 1000 मासिक छात्रवृत्ति दी जाती है। पीपीटी योजना में वार्षिक शुल्क 10 हजार है। डिजिटल लाइब्रेरी, आधुनिक प्रयोगशालाएं, प्रगति एवं यशस्वी छात्रवृत्ति योजनाएं तथा मल्टीनेशनल कंपनियों में प्लेसमेंट की सुविधा उपलब्ध है। डिप्लोमा धारकों को बी.टेक में सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश का अवसर मिलता है।

## जियो टैग व्यवस्था सराहनीय पर सिर्फ शिक्षकों पर ही लागू क्यों ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जियो टैग से शिक्षकों की उपस्थित पर शिक्षक संघर्ष संयुक्त मोर्चा की की बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जियो टेग व्यवस्था सराहनीय है पर सिर्फ शिक्षकों पर ही इसे लागू करना कहां तक उचित है। यदि यह व्यवस्था लागू ही करना है तो हर विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के लिए भी लागू की जाए। सिर्फ शिक्षकों पर इस व्यवस्था को लागू करने से शिक्षकों को संदेह की नजरों से देखा जा रहा है। जो ठीक नहीं है। संघ ने कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता से मांग की है कि सभी विभागों से जियो टेग से उपस्थिति लगवाई जाए। शिक्षक संघर्ष संयुक्त मोर्चा की एक अहम बैठक जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कोषाध्यक्ष लोकेश श्रीवास्तव द्वारा आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया।

बैठक में जियो टेक उपस्थिति प्रणाली पर चर्चा करते हुए सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि यह तकनीक सराहनीय है, लेकिन इसे केवल शिक्षकों पर लागू करना भेदभावपूर्ण है। बैठक में विनय सक्सेना,केशव रघुवंशी और विजय श्रीवास्तव, सौदान सिंह सूर्यवंशी, कृष्णगोपाल राय, अमर सिंह तोमर सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## जिला कौशल समिति की बैठक में महिलाओं का प्रवेश बढ़ाने पर जोर

विदिशा। विदिशा जिले में संचालित समस्त शासकीय आईटीआई मे प्रवेश हेतू अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में हुई। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बैठक में जिला उद्योग केंद्र विदिशा एवं आईटीआई द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर उचित निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना मे प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षणार्थियों को स्टाइपेड के लिए निर्देशित किया गया एवं स्टाइपेड दिलवाने कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। रोजगार स्वरोजगार मेले के आयोजन हेतु कार्यविभाजन हेतू निर्देश दिए गए। प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना की समीक्षा की गई। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर द्वारा रोजगार मेले के आयोजन के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। इस दौरान महिला बाल विकास, नगर पालिका परिषद, आदिम जाति कल्याण विभाग, आजीविका मिशन, जिला पंचायत एवं स्कूल शिक्षा विभाग को आईटीआई मे प्रवेश बढ़ाने एवं महिलाओं के प्रवेश बढ़ाने निर्देश दिए गए हैं।

### पटरियों पर संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

**विदिशा।** आज्ञाराम कॉलोनी निवासी 21 वर्षीय युवक रितिक पिता दीपक तिवारी का शव मेडिकल कॉलेज के पीछे पटरियों पर संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। सोमवार को शव का पीएम कराया गया। रितिक अहमदानगर निवासी अवधनाराण तिवारी का पोता है। वह पटरियों पर कैसे पहुंचा इसकी जानकारी नहीं लग पा रही है। घटना के बाद से परिजन सदमें में हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हिंदू उत्सव समिति, परशुराम सेवा ट्रस्ट, पुजारी महापंचायत भी एकजुट

# कथा वाचक के विवादित बयान पर भड़का कायस्थ समाज राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन, उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त को लेकर की गई अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी पर कायस्थ समाज में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है।

महाराष्ट्र में आयोजित कथा के दौरान मिश्रा द्वारा सनातन धर्म के आराध्य भगवान चित्रगुप्त जी पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सोमवार को सैकड़ों की संख्या में कायस्थ समाज के लोगों ने विवेकानंद चौराहे से कलेक्ट्रेट तक विरोध रैली निकाली। श्री कायस्थ सभा, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, चित्रांश वंशज महासभा, सनातन हिंदू उत्सव समिति, परशुराम सेवा ट्रस्ट, पुजारी महापंचायत सहित विभिन्न संगठनों ने एकजुट होकर नारेबाजी करते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा और मिश्रा पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। आक्रोशित समाजजनों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान परशुराम सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा (विदिशा), हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी, अमित सक्सेना रायसेन समेत समाज के वरिष्ठ, महिला मंडल व युवा सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



विदिशा। विवेकानंद चौराहे पर एकत्रित होकर कायस्थ समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन।

### राधारानी पर टिप्पणी के बाद मांगनी पड़ी थी माफी

कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि इससे पहले भी कथा वाचक प्रदीप मिश्रा ने राधारानी पर टिप्पणी की थी जिसके बाद उन्हे माफी मांगनी पड़ी थी। कथा वाचक द्वारा लगातार इस तरह से देवी देवताओं का अपमान किया जा रहा है जो समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि कथा वाचक ने माफी नहीं मांगी तो चौक चौराहों पर पुतला दहन कर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### अपना घर आश्रम ने मिलाया बिछड़े भाइयों को

**विदिशा।** विट्ठल नगर स्थित अपना घर आश्रम में तीन वर्ष पूर्व बीना से लापता हुए मानसिक रूप से अस्वस्थ श्री रवि मालवीय का पुनर्वास कर उन्हें उनके परिजनों से मिलाया गया। आश्रम में एक वर्ष से रह रहे रवि पूर्व में भरतपुर आश्रम में थे। उपचार के बाद उन्हें अपने घर बीना की याद आई, जिसके बाद संपर्क स्थापित कर परिजनों को सूचना दी गई। आज उनका भाई राहुल व बहु आश्रम पहुंचे और भावुक माहौल में रवि को घर ले गए। परिजनों ने आश्रम की सेवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी सेवा हम अपने घर पर भी नहीं दे पाते।




ऐजेन्सी देना है। हरिभूमि
विदिशा जिले नटेरन में ऐजेन्सी देना है ।
सर्म्पक करें
अटल तिवारी: 9425422701
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9827743042

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव- 3020
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2350
उच्चतम भाव- 2670
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2250
उच्चतम भाव-2470
चना
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5480
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3320
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-3900
मसूर
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-6870
सरसों
न्यूनतम भाव-3350
उच्चतम भाव-7310
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-4801
मूंग
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-7130
धनिया
न्यूनतम भाव-5940
उच्चतम भाव-6800
अलसी
न्यूनतम भाव-6100
उच्चतम भाव-6600
उड़द
न्यूनतम भाव-3850
उच्चतम भाव-6031
बटरी
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3400
तुअर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-5350

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 19583 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### यातायात पुलिस ने बनाए चालान

**गंजबासौदा।** यातायात पुलिस द्वारा नगर में लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस प्रभारी निरपत सिंह के नेतृत्व में टीम ने सोमवार को जय स्तंभ चौक पर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान दो पहिया वाहनों के रजिस्ट्रेशन, तीन सवारियां बैठाने, नंबर प्लेट न लगी होने, लायसेंस न होने आदि की जांच की गई। जिसमें कमी पाए जाने पर 8 वाहन चालकों के 2600 रुपए के चालान बनाए गए और राशि वसूल की गई। यातायात प्रभारी निरपत सिंह ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहन पूरे दस्तावेजों के साथ और नियमानुसार चलाएं। सुरक्षा के लिए हैलमेट पहनें, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं, लायसेंस होने पर ही वाहन चलाएं, सुरक्षा का ध्यान रखें आदि की हिदायत वाहन चालकों को दी।

### पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों को 5 लाख के वाहन के साथ किया गिरफ्तार

# अपहरण की कोशिश करने वाले 8 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को त्योंदा पुलिस द्वारा अपहरण की कोशिश करने में नाकाम 8 आरोपियों को त्वरित रूप पकड़ने की कार्रवाई करते हुए 5 लाख के वाहन सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में आशिफ पुत्र सलीम खान, सद्दाम पुत्र रुस्तम खान, असलम पुत्र कासिम खान, अजहर पुत्र चमन खान, अय्यूब पुत्र जलाल खान, बन्ने पुत्र अजीत खान, आशिफ पुत्र इकबाल खान, फिरोज पुत्र जलाल खान निवासी सभी रायसेन शामिल हैं।




पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 जून को दोपहर 12 बजे, थाना त्योंदा क्षेत्र अंतर्गत कलारी के सामने फरियादी पप्पू मेवाती के साथ पुराने विवाद को लेकर आठ आरोपियों द्वारा गाली-गलौज, मारपीट कर जबरन अपहरण का प्रयास किया गया। आरोपी सफेद इको कार क्रमांक MP04YD2294 में फरियादी को जबरन बैठाकर ले जाने लगे। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने उसे छुड़ा लिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने धारा 296, 115(2), 351(2), 140(3), 3(5) BNS के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में त्योंदा थाना प्रभारी द्वारा गठित टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया एवं घटना में प्रयुक्त 5 लाख मूल्य की इको कार जब्त की गई। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को न्यायालय बासौदा में पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में त्योंदा थाना निरीक्षक बलबीर सिंह गौर, रामबाबू साहू, बृजेश उपाध्याय, रवींद्र सिंह तोमर, सत्येंद्र सिंह, अखिलेश शुक्ला, सुभाष चन्द्र एवं मोनिका यादव की विशेष भूमिका रही। पुलिस द्वारा तत्काल की गई कार्रवाई से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा का भाव और मज़बूत हुआ है।




वहीं देहात थाना पुलिस ने थाना प्रभारी आशुतोष सिंह के नेतृत्व में शराब के नशे में लहराते हुए वाहन चलाने पर लगभग 12 लाख कीमती स्कॉर्पियो जब्त की है। पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति शराब के नशे की हालत में लहराते हुए स्कॉर्पियो वाहन चला रहा है। जिससे किसी घटना के घटित होने का अनुमान हो रहा था। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भाव सिंह पिता इमरत सिंह अहिरवार उम्र 34 वर्ष निवासी मुरेल कलां, थाना कोतवाली जिला रायसेन को सिरोंज, अम्बानगर रोड की ओर से काले रंग की स्कार्पियो MP04 CB 6073 को लहराते हुए वाहन चलाते पकड़ा। चालक नशे में धुत पाया गया। जिस पर देहात थाना पुलिस ने धारा 185, 3/181, 146/196, 39/192 मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर स्कार्पियो वाहन जब्त किया गया। पुलिस ने आमजन से अपील कि है कि कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में वाहन न चलाए। यह न केवल स्वयं की जान को खतरे में डालता है, बल्कि दूसरों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर संकट उत्पन्न करता है। नियमों का पालन करें एवं जागरूक नागरिक बनें।

## नागरिकों ने किया अतुल का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भोपाल सायबर क्राइम विभाग में पदस्थ नगर के अतुल श्रीवास्तव को सायबर क्राइम में उनके उत्कृष्ठ योगदान पर मध्यप्रदेश शासन गृह मंत्रालय द्वारा रुस्तमजी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में उनके शुभचिंतकों, मित्रों ने उनका सम्मान कार्यक्रम अंकुश ताम्रकार के प्रतिष्ठान पर आयोजित किया। कार्यक्रम में दीपक तिवारी , सुनील बाबू पिंगले, गजेंद्र औदीच्य, श्याम ताम्रकार, सुरेंद्र प्रजापति, विशाल ताम्रकार, राजकुमार प्रजापति, उमेश मेहता, राघवेंद्र औदीच्य, उमेश ताम्रकार, हर्षित लाहौरी आदि ने पुष्पहार पहनाकर शुभकामनाये देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### नकलचियों से एसडीएम ने एक-एक लाख के मुचलके भरवाए

**गंजबासौदा।** गत दिवस एसडीएम विजय राय ने एसजीएस कॉलेज का निरीक्षण किया। यहां चल रही एलएलबी की परीक्षा में भोपाल की फ्लाइंग स्क्वाड दल के सदस्यों ने मौके पर पांच परीक्षार्थियों को नकल करते पकड़ा और उनके खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। एसडीएम ने बताया कि एसजीएस कॉलेज का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कॉलेज में चल रही एलएलबी की परीक्षा के कक्षों में पहुंचकर जायजा लिया। मौके पर फ्लाइंग स्क्वाड दल के सदस्यों ने पांच परीक्षार्थियों को नकल करते पकड़ा। उन 5 परीक्षार्थियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर एक-एक लाख रूपए के मुचलके भरवाए गए तत्पश्चात छोड़ने की कार्रवाई गई।

## नपा ने ऑटो के यूनिक नंबर जारी किए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को रेलवे स्टेशन स्थित आटो स्टैंड पर ऑटो यूनियन ने पंजीकरण अभियान चलाया। इस दौरान सवारियों को लाने ले जाने वाले आटो चालकों का पंजीकरण किया गया। पंजीकरण प्रक्रिया में आटो चालकों के आधार कार्ड की जांच की गई। साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन रजिस्ट्रेशन के दस्तावेज भी देखे गए। प्रत्येक आटो पर एक विशिष्ट पंजीयन नंबर दर्ज किया गया। इस व्यवस्था से ऑटो से जुड़ी जानकारी आसानी से मिल सकेगी। यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए नगर पालिका और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त बैठक की थी। बैठक में शहर में संचालित सभी आटो की जानकारी एकत्रित करने की जिम्मेदारी आटो यूनियन को दी। शहर में लगभग 400 आटो चल रहे हैं, इनका कोई रजिस्ट्रेशन नहीं था। ऑटो यूनियन ने बताया कि शहर में सैकड़ों आटो चलते हैं। पहले दिन 60 से 70 आटो चालकों के दस्तावेज जमा किए गए। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। ज्ञात हो कि नगर में आटो की सैकड़ो संख्या है जिनमें बिना पंजीकरण के आटो की संख्या पंजीकरण आटो से अधिक है।

### नगर में 30 मिनट तक हुई बारिश

**गंजबासौदा।** सोमवार को सुबह से तेज धूप के साथ आसमान साफ रहा। दोपहर बाद अचानक आसमान में काले बादल छा गए और हवा के साथ बारिश का दौर शुरु हो गया। लगभग 30 मिनट तक बारिश का दौर चलता रहा। जिससे सड़कें पानी से भर गईं वहीं लोगों को कुछ समय के लिए गर्मी से राहत मिल गई। यहां उल्लेखनीय है कि मानसून नजदीक आ गया है, इलाके के किसान बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए खरीफ फसल सोयाबीन, उड़द, मूंग, तुअर एवं अन्य फसलों की बुआई के लिए खाद, बीज आदि तैयार करके रख रहे हैं। जिससे समय पर बोवनी कर सकें।

## कामतानाथ की गोद में विराजे द्वारिकेशलाल प्रभु

**गंजबासौदा।** भागवत चिंतन सेवा समिति द्वारा चित्रकूटधाम में प्रभु द्वारिकेशलाल का पांच दिवसीय प्रकटोत्सव सोमवार को भरत चरित्र के साथ खसखाने मनोरथ से प्रारंभ हुआ। जहां प्रभु ने दिव्य सुगंधित फूल बंगले में दर्शन दिए। इस आयोजन में सेवा समिति से जुड़े हुए नगर सहित देश भर के विभिन्न प्रांतों आए हुए परिकर शामिल हुए। मनोरथ के यजमान मुंबई से आए हीरा व्यापारी कुंदन कुमठ ने व्यास पूजन संपन्न कराया। वृंदावन से



आई रास मंडली द्वारा ठाकुरजी के विभिन्न लीलाओं का मंचन किया गया। उत्सव के प्रारंभ में चित्रकूट कामदगिरि कामतानाथ प्रमुखद्वार के पीठाधीश्वर जगतगुरू रामानंदाचार्य रामस्वरूपाचार्य महाराज, अयोध्या से आए मानस रत्न संत अशोकदास महाराज, संत राजीव लोचनदास चित्रकूट एवं वृंदावन से पधारे नरोत्तम शास्त्री ने द्वारिकेशलाल प्रभु की मंगल आरती उतारी। अपने उद्बोधन में संतों ने चित्रकूट की महिमा बताते हुए भरत चरित्र पर विचार रखे। जगद्गुरु रामस्वरूपाचार्य महाराज ने कहा कि भागवत चिंतन मिशन सेवा समिति के संस्थापक पं डॉ अभिषेक कृष्ण शास्त्री गृहस्थ व्यवस्था में रहते हुए भी संतों की भांति सनातन धर्म की ध्वज पताका भारत के साथ-साथ विदेशों में भी पूरी जिम्मेदारी से फहरा रहे हैं। डॉ शास्त्री के नितसेव्य प्रभु द्वारिकेशलाल का यह प्रकटोत्सव चित्रकूट की धरती पर निश्चित ही दिव्यता और भव्यता से भरा हुआ है। भरत चरित्र के मुख्य वक्ता डॉ अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने कहा कि जो जीवन में त्याग करता है वह भरत के समान है। भरत जी का जीवन आदर्शमय है, प्रेरणादायक है। चित्रकूट की यह धरती एक भाई के त्याग की गवाह बनी है। हमें भरत जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चहिए और उनके आदर्शों को जीवन में उतारना चाहिए। कथा मंच का संचालन गगन दुबे ने किया।

## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने किया गुरुजनों का सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवीन शिक्षण सत्र ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद पुनः प्रारंभ होने पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय पचमा के गुरूजनों का पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में गौ सेवा प्रकोष्ठ जिला संयोजक सैयद शादाब अली ने कहा हमारे पैगंबर मोहम्मद साहब का स्पष्ट आदेश है, इल्म हासिल करो चाहे इसके लिए तुम्हे विदेश भी जाना पड़े तो जाओ। यही बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक इन्द्रेश कुमार भी कहते है हमारे एक हाथ मे आधुनिक शिक्षा मतलब कम्प्यूटर लेपटॉप हो तो एक हाथ मे धर्म संस्कृति दोनो के योग से ही भारत विश्व गुरू महाशक्ति देश बनेगा। इस मौके पर अली ने माध्यमिक विद्यालय पचमा को एक कम्प्यूटर सेट भेंट करने की घोषणा की ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी कम्प्यूटर विज्ञान, तकनीक आधुनिक ज्ञान हासिल कर सके।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राशिद अली ने बच्चों को नियमित शाला आने, अनुशासन मे रहने का मंत्र दिया। आदिल अली, आबिद खान ने बच्चों को गुरूजनों की इज्जत सम्मान हमेशा करते रहने की सीख देते हुऐ कहा उस्ताद और मां, बाप का दर्जा सबसे बड़ा है। भूले से भी हमसे इनकी शान में कमी न होने पाए। आदिल अली, शोएब अली ने पचमा की प्रधानाध्यापक प्रीती समैया, प्रमोद अहिरवार को ग्रामीण बच्चों विशेषकर बालिकाओं के शिक्षण कार्य मे विशेष रूचि लेकर उनको आगे बढाने के प्रयासो की प्रशंसा कर उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खाटू श्याम में कृष्णिका सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा खाटू श्याम में अग्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर की कृष्णिका अग्रवाल को अग्रवाल गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। खाटू श्याम की नगरी में हुए इस आयोजन में देश भर से आई प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समिति के संस्थापक राजकुमार मित्तल ने कृष्णिका का सम्मान किया। वह भजन गायक बृजराज अग्रवाल की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों एवं परिजनों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### साढ़े चार घंटे तक बिजली प्रदाय रहा बंद

**गंजबासौदा।** नगर में अघोषित विद्युत कटौती का दौर जारी है। सोमवार को नगर के पचमा बायपास मार्ग पर दोपहर 3 बजे से बिजली प्रदाय बंद कर दिया गया। शाम सात बजे के बाद बिजली आई, जिससे उपभोक्ताओं को कई घण्टे अंधे में बगैर, पंखा, कूलर के समय गुजारना पड़ा। जब इस संबंध में विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय के दूरभाष नंबर पर उपभोक्ताओं ने फोन कर जानकारी चाही गई तो वहां मौजूद कर्मचारी द्वारा उपभोक्ताओं को जानकारी न देकर टॉल फ्री नंबर 1912 पर कॉल कर सूचना देने को कहा, जिस पर पूछी गई जानकारी उपभोक्ता दर्ज नहीं कर सके।

### होनहारों ने चिकित्सा के जरिए जनसेवा का दिखाया संकल्प

# सैंटएसआरएस के दो छात्रों ने पहले प्रयास में नीट परीक्षा उत्तीर्ण की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को जैसे ही नवीन शिक्षण सत्र के लिए स्कूल खुले, स्कूल में दो होनहार छात्रों के नीट परीक्षा में चयनित होने की सूचना मिली, जिससे संस्था में खुशी की लहर बिखर गई। संस्था से 12 वीं पास आउट शिवानी रघुवंशी और यश सोनी ने अच्छी रेंक के साथ नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर शासकीय मेडीकल कालेजों में प्रवेश की पात्रता हासिल की है। दोनों ही विद्यार्थियों के स्कूल पहुंचने पर उनका जोश और जश्न के साथ संस्था परिवार ने जोरदार अभिनंदन किया। शिवानी रघुवंशी जहां किसान नरेश रघुवंशी और सविता रघुवंशी की पुत्री हैं। वहीं यश सोनी शिक्षक राकेश सोनी और रेखा सोनी के पुत्र हैं। मीडिया से बात करते हुए शिवानी और यश सोनी ने अपनी सफलता में माता-पिता के आशीर्वाद एवं संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, फिजिक्स के व्याख्याता डॉ विजय कुमार जैन, केमेस्ट्री के व्याख्याता डॉ अमर सिंह ठाकुर, बायलॉजी की व्याख्याता हेमलता शर्मा, प्रियंका अग्रवाल, अनुज गुप्ता के मार्गदर्शन को श्रेय दिया। शिवानी और यश ने बताया कि वे शासकीय मेडीकल कॉलेजों से एमबीबीएस कर ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने का जज्बा रखते हैं। वह लोगों की चिकित्सा सेवा के जरिए देश सेवा करना चाहते हैं। शिवानी रघुवंशी ने नीट परीक्षा में ऑल इंडिया रेंक 49423, ईडब्ल्यूएस रेंक 6071 प्राप्त की है। उन्होंने 720 अंकों में से 502 अंक हासिल कर नीट क्लीयर किया है। इसी तरह यश सोनी को ऑल इंडिया रेंक 32037 एवं ओबीसी रेंक 14814 प्राप्त हुई है। उन्होंने 720 अंकों में से 520 अंक हासिल किए हैं। संस्था के डायरेक्टर केएस यादव ने बताया कि दोनों छात्रों ने नीट परीक्षा पास कर डॉक्टर बनने का सपना पूरा किया है। उनकी सफलता पर पूरी संस्था को गर्व है। दोनों छात्रों के संस्था पहुंचने पर संस्था डायरेक्टर केएस यादव, प्रबंधक सुधा यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, प्रभारी अनुज गुप्ता, प्रभारी रजनी गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल, सुपार्श जैन, डॉ विजय कुमार जैन, सोनू राय, गजेन्द्र सिंह दांगी, विक्रांत सोनी, अजय विश्वकर्मा, दिनकर कद्रे, आकाश साहू, लोकेन्द्र राजपूत, राम नारायण श्रीवास्तव सहित शिक्षक परिवार ने छात्रों का पुष्प माला पहना और मिष्ठान खिला कर अभिनंदन किया साथ ही सभी ने उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## मदन भैया पार्क में जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ



**गंज बासौदा।** इन दिनों मदन भैया पार्क में जीर्णोद्धार का कार्य आरंभ हो गया है। पार्क में बरसात का पानी भरने की समस्या के कारण पेड़, पौधे खत्म हो गए थे। सबसे पहले चारों तरफ पानी निकासी के लिए नालियां बनाई जा रही है, फिर पार्क का जो जमीन स्तर है, उसके लेवल को लगभग 2, ढाई फीट ऊंचा करके पौधे लगाने का कार्य नगर पालिका परिषद द्वारा किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### नवीन विद्यार्थी के लिए हेल्प डेस्क का आयोजन

**सागर।** डॉ हरि सिंह गौर विश्व विद्यालय सागर में स्नातकोत्तर की प्रथम काउंसलिंग के अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा विश्वविद्यालय मे गौर मूर्ति पर हेल्थ डेस्क लगा कर देश के कोने कोने से आ रहे छात्र छात्राओं का डॉक्टर गौर की नगरी में फूल माला पहनाकर स्वागत किया एवं सभी छात्र छात्राओं की मदद की। इस अवसर पर एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अक्षत कोठारी, विश्वविद्यालय अध्यक्ष अंशुल शर्मा, उपाध्यक्ष प्रसून पटेल, श्रेयांशी मिश्रा, आलोक सोनी, जतिन सिंह गोंड, साहित्य ठाकुर, मनीष त्यागी, महासचिव हीम सिंह यादव, प्रद्युम्न कुमार गुप्ता, देव पाठक, ऋषि शुक्ला, अभय राठौर, पारस साहू अभिषेक अहिरवार प्रथम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जर्जर क्षतिग्रस्त भवनों की सूचना दें जिलेवासी

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा निर्देश दिए गए थे कि जिले में कोई भी भवन क्षतिग्रस्त जर्जर नहीं हो इस हेतु तत्काल कार्रवाई करें और जल भराव की स्थिति निर्मित ना हो इसके लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया जावे और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जावे इसी परिपेक्ष में जिले के अनेक विकासखंडों में कार्रवाई की गई। उन्होंने समस्त जिले वासियों से अपील की है कि उनके क्षेत्र में यदि कोई मकान जर्जर और क्षतिग्रस्त है तो इसकी सूचना संबंधित राजस्व अधिकारी नगर पालिका नगर परिषद नगर निगम एसडीम को तत्काल दें जिससे कि उसे भवन को घराने की कार्रवाई की जा सके।

### एकता समिति ने फादर्स डे जश्न के साथ मनाया

**सागर।** एकता समिति ने फादर्स डे पर समिति के पिता तुल्य संस्थापक अब्दुल रशीद भाई का शाल श्रीफल पुष्पहार मिष्ठान से स्वागत कर आशीर्वाद लिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र मलैया ने की।

## कांग्रेस के सृजन अभियान के तहत राजस्थान सरकार की पूर्व मंत्री बोली....

# आज महिलाओं ने जो ऊंचाईयां हासिल की हैं वह स्व राजीव गांधी की देन है: ममता

*हरिभूमि सवांददाता राजीव जैन सैनानी से चर्चा के दौरान सृजन अभियान को लेकर बोली पूर्व मंत्री ममता भूपेश बैरवा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज



कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आव्हान पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश में संगठन को मजबूत करने व जिला अध्यक्षो की नियुक्तियो को लेकर सृजन अभियान के अंतर्गत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त विदिशा जिले पर्यवेक्षक एंव राजस्थान सरकार की पूर्व मंत्री श्रीमति ममता भूपेश बैरवा एंव प्रदेश कांग्रेस कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी राजेन्द्र मालवीय,जिला प्रभारी प्रभु सिंह ठाकुर ने सिरोंज के एक निजी गार्डन में सिरोंज-लटेरी के कांग्रेस कार्यकर्ताओ की बैठक को संबोधित कर वन टू वन चर्चा की।

इस मौके पर समस्त मोर्चा संगठनो के अध्यक्ष,मण्डलम्,सेक्टर,बीएलए को बैठक में आमन्त्रित किया था। लेकिन इतनी महत्वपूर्ण बैठक में सिरोंज लटेरी के कुछ गिने चुने नेता व कार्यकर्ता ही उपस्थित रहें। बैठक में अधिकतर नेता तो विदिशा से ही आए हुए थें। तो वही कार्यक्रम में जनचर्चा का विषय रहा कि आखिर इतनी बडे विधानसभा क्षेत्र में इतने कम नेता व कार्यकर्ता क्यो आए। जब हरिभूमि ने कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओ की जानकारी ली तो कार्यकर्ताओ ने कहा कि हमे मालूम पडा है कि पूर्व से ही जिला अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी जाएगी। जिस व्यक्ति ने काग्रेस के संगठन को कमजूर किया हो उसे पुनः जिला अध्यक्ष बनाना जाना कहा का उचित है। इसको लेकर काग्रेंस कार्यकर्ताओ का खासी नाराजगी भी देखी जा रही है।

### राजस्थान सरकार की पूर्व मंत्री ने संभाली बैठक की कमान

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक एंव राहुल गांधी की टीम की सदस्य राजस्थान सरकार की पूर्व मंत्री श्रीमति ममता भूपेश बैरवा ने जब कांग्रेस कार्यकर्ताओ में आक्रोश देखा और उत्साह में कमी देखी तो उन्होने मंच को संभालते हुए कार्यकर्ता में जान फूख डाली और कांग्रेस का इतिहास बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी मेरी मां है। स्व राजीव गांधी द्वारा जो महिला आरक्षण और कांग्रेस के अंतिम छोर के कार्यकर्ताओ को आगे बडाने का कार्य किया था। इसी वजह आज राजस्थान में जिला पंचायत से लेकर राजस्थान सरकार की मंत्री रह चुकी हूं। इस बार हमारे काग्रेंस के नेता राहुल गांधी ने सृजन अभियान चलाकर अंतिम छोर के कार्यकर्ताओ से मिलकर उनकी राह के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को नियुक्त किया जाएगा। जिसमें कांग्रेस के प्रत्येक व्यक्ति की राह ली जाएगी। जिन कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस के लिए पूरी वफादारी से काम किया है उनको पहली प्राथमिकता दी जाएगी। कांग्रेस सृजन अभियान के महत्व के बारे में कार्यकर्ताओ को बताया। वही उन्होने कहा कि पिछले 4-5 दिनो से विदिशा जिले के एक एक गांव में घूम रही हूं और कार्यकर्ताओ की भावनाओ को समझने का प्रयास रही हूं। प्रत्येक कार्यकर्ता की बात पर विचार किया जाएगा। साथ ही हम कांग्रेस संगठन को मजबूत कर आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावो में देश के प्रधानमंत्री के रूप में राहुल गांधी को देखा जाएगा। यदि विदिशा जिले की पर्यवेक्षक श्रीमति ममता भूपेश बैरवा की बात की जाए तो वह एक भारतीय राजनीतिज्ञ तथा राजस्थान सरकार में पूर्व महिला एवं बाल विकास विभाग कैबिनेट मंत्री रही है और अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव भी रह चुकी है। वह राजस्थान सरकार की संसदीय सचिव तथा कांग्रेस की राजस्थान विधानसभा में सिकराय विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार विधायक बनी है और वह एक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राजनेत्री हैं। तो वही कार्यक्रम को कांग्रेस नेता राजेन्द्र मालवीय एंव प्रभु सिंह ठाकुर ने भी संबोधित किया।

पत्रकार वार्ता के दौरान हरिभूमि की अभा कांग्रेस कमेटी की पर्यवेक्षक एंव राजस्थान सरकार की पूर्व मंत्री ममता भूपेश से चर्चा के दौरान पूछे गए सवाल

**सवाल** - 1 जिला मुख्यालय पर पूरे जिले से कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता पहुंचे थे। भोजन कराने की घोषणा प्रभारी कुणाल चौधरी ने मंच की थी। लेकिन भोजन कराना तो दूर की बात है कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं को चाय पिलाना भी उचित नहीं समझा इसको लेकर कार्यकर्ताओ में भारी नाराजगी देखी गई।

**जवाब** - मुझे इसकी जानकारी नही में जानकारी लेती हूं।

**सवाल** - 2 कांग्रेस की मजबूती के लिए संगठन सृजन राहुल गांधी की महत्वपूर्ण योजना है। इसमें समाज के अंतिम पंक्ति के उन व्यक्तियों को आगे लाया जाना है जिन्हें संगठन में कभी मौका नहीं मिला। खासतौर से अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को आप स्वयं भी अनुसूचित जाति से हैं क्या अनुसूचित जाति के योग्य,सक्षम, पढ़े लिखे और जमीन पर संघर्ष करने वाले को जिलाध्यक्ष बनाया जाएगा।

**जवाब** - कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की इक्छा के अनुसार ही समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को ही जिलाध्यक्ष बनाया जाएगा और इसकी रिर्पोट हम दिल्ली भेंजेगें।

**सवाल** - 3 विगत वर्ष जिले की दोनों लोकसभा सीटो पर कांग्रेस लाखों के अंतर से हारी है जो इतिहास की शर्मनाक हार है। विधानसभा की पांचों सीटें शर्मनाक तरीके से हारे इतने वोटो से इससे पहले कभी कांग्रेस चुनाव नहीं हारी ना कांग्रेस की जिला पंचायत है, न जनपद पंचायत हैं और न नगर पालिका हैं ऐसी स्थिति में कांग्रेस कार्यकर्ता को कैसे मजबूत किया जाएगा।

**जवाब** - इन सभी कारणो पर हम बारीकी से अध्ययन कर प्रत्येक कार्यकर्ता से चर्चा कर संगठन को मजबूत करेगें।

**सवाल** - 4 संगठन सृजन कार्यक्रम में गाइड लाइन अनुसार 06 कांग्रेस नेताओं के बायोडाटा एआईसीसी को भेजना है योग्यता के आधार पर छह नामों की चयन प्रक्रिया क्या होगी ऊपर से क्या डिसाइड किया गया है।

**जवाब** - जो गाइड लाईन है उन्ही के अनुसार कार्य किया जा रहा है।

**सवाल** - 5 कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि पहले से ही जिला अध्यक्ष का नाम डिसाइड कर लिया गया है चयन प्रक्रिया केवल औपचारिकता है। इस कारण जितनी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और नेताओं को आना चाहिए वह नहीं पहुंच रहे हैं।

**जवाब** - जिलाध्यक्ष का नाम पहले से डिसाइड नही किया गया है। हम 4 दिनो से जिले में घूमकर वास्तविक कार्यकर्ता का चयन कर रहे है इस रिपोर्ट को हम ऊपर भेजेगें।

**सवाल** - 6 देश की आजादी के बाद कभी भी जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनुसूचित जाति के योग्य सक्षम संघर्षशील शिक्षित व्यक्ति को मौका नहीं दिया गया। बल्कि कुछ उच्च जातियों को ही अनेकों अवसर जिला कांग्रेस अध्यक्ष का दायित्व दिए गया है क्या राहुल गांधी की मंशा अनुसार समाज के अंतिम व्यक्ति को भी जिलाध्यक्ष बनाया जाएगा ।

**जवाब** - राहुल गांधी की जो मंशा है उसी के अनुसार ही जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का चयन होगा।

### पंचायतों व बूथों पर सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण चौपाल व संकल्प अभियान संपन्न

**सागर।** मोदी सरकार के 11 साल 'संकल्प से सिद्धि' तक अभियान के अन्तर्गत नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण की उपलब्धियों व देश में हुए विकास के बारे में आम लोगों से संवाद करने की दृष्टि से वार्डो में मोहल्ला चौपाल व ग्रामों में पंचायत चौपाल और सम्मिलित ग्रामें में बूथ चौपालों का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के आव्हान पर 15 जून को संपन्न हुआ। खुरई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी भाजपा मण्डलों व शक्ति केन्द्रों द्वारा मोहल्ला (वार्ड) व पंचायत चौपाल का कार्यक्रम एक ही दिन 15 जून, दिन रविवार को किये जाने का निर्णय भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल खुरई, खुरई ग्रामीण, धनोरा, मालथौन, बरोदिया कला एवं बांदरी मण्डलों द्वारा क्षेत्रीय विधायक व पूर्व मंत्री भूपेन्द्र भैया के आव्हान पर लिया गया था। इस कार्यक्रम के तहत सभी वार्डो (मोहल्ला) एवं पंचायतों में प्रभारी,वक्तागणों ने पहुँचकर मण्डल की शक्तिकेन्द्र टोली व बूथ समितियों को साथ लेकर यह कार्य संपन्न किया। इन आयोजनों में केन्द्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, पीएम स्वनिधि योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, नई शिक्षा नीति, मुफ्त कोविड वैक्सीन जैसी अनेक योजनाओं की उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम प्रभारियों व वक्तागणों ने सभी चौपाल स्थलों पर पहुंचकर जनसंवाद किया, एवं चौपाल स्तर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत अभियान के अंतर्गत निर्धारित प्रपत्र में संकल्प भी लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मोहल्ला एवं ग्रामों में पार्टी द्वारा भेजे गये पंपलेटों का वितरण किया। सभी चौपालों के दौरान पूर्व मंत्री भूपेन्द्र भैया ने सभी मण्डल पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र टोली सदस्यों एवं बूथ पदाधिकारियों से इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपील की है।

## प्राथमिक उपचार के सामान्य तरीके भी जीवन रक्षक बन सकते हैं: एमके जैन



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

फादर्स डे पर महावीर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़, भोपाल में आईएमए मेडिकल स्टूडेंट नेटवर्क द्वारा आयोजित "फर्स्ट ऐड" कार्यशाला में डॉ. एमके जैन ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में दिए गए प्राथमिक उपचार कई बार जीवन रक्षक साबित होते हैं।

उन्होंने कहा कि आईएमए अपने छात्र नेटवर्क को पिता तुल्य संरक्षण देती है और यह संस्था पिछले सौ वर्षों से जनहित में कार्य कर रही है। कार्यशाला में प्रदेश चेयरपर्सन डॉ. बीके डंग ने दुर्घटना, जलना, डूबना, सांप या बिच्छू के काटने, हार्ट अटैक जैसी स्थितियों में त्वरित प्राथमिक सहायता की वैज्ञानिक विधियों पर मार्गदर्शन दिया।

सह संयोजक डॉ. विवेक चौकसे ने बताया कि यह नेटवर्क छात्रों को मेडिकल शिक्षा, करियर व कठिनाइयों से उबारने में मदद करता है। एमपी आईएमए एमएसएन के राज्य महासचिव डॉ. आर्यन शिवहरे एवं डॉ. दीपेश यादव द्वारा कार्यशाला का प्रभावी संचालन किया गया। कार्यक्रम में भोपाल के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के छात्र शामिल हुए।

## एक शाम खाटू श्याम के नाम: भजन संध्या का आयोजन खाटू श्याम राजस्थान में किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶शमशाबाद



खाटू श्याम राजस्थान पहुंचकर श्याम संकीर्तन परिवार ने भजन संध्या का आयोजन किया। जयपुर खाटू श्याम में बाबा खाटू श्याम का भव्य दरबार को खुशबूदार फूलों से सजाया गया इत्र वर्षा की गई ।दिव्य ज्योति प्रज्वलित की गई। 56 भोग अर्पित किए गए।
देर रात तक भक्त बाबा के भजनों पर झूमते रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी भक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना की, अखंड ज्योत में हाजरी लगाई।भजन गायिका गुनगुन गुंजन तिवारी सिस्टर शाहगंज, सतीश शर्मा, अजय विश्वकर्मा, तनूष्का कृष्णा इंदौर, योगेश सहित अन्य गायकों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। समापन से पहले बाबा की महाआरती कर छप्पन प्रसादी भोग लगा कर वितरण किया गया। श्याम सरकार म्यूजिकल ग्रुप बैरसिया के संदीप विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा, दीपक विश्वकर्मा, नितिन भावसार, अनूप नामदेव, अरविंद मीणा ने संगीतमयी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर श्याम संकीर्तन परिवार के किशन सिंह राजपूत, ईश्वरी भार्गव,संतोष साहू, जोधाराम गुर्जर, राजेन्द्र धाकड़,मनीष धाकड़, शिवम साहू,मोहन नामदेव, प्रीतम विश्वकर्मा, श्रवण भावसार,सोनू कुशवाह, धर्मेन्द्र प्रजापति, रोहित साहू,मनीष सेन,आकाश विश्वकर्मा,गोलू राजपूत सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

### धरती आबा शिविरों की प्रगति का कलेक्टर ने लिया जायजा

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में 15 से 30 जून तक आयोजित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत आयोजित जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविरों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पहले चरण के शिविरों में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ण प्राप्ति नहीं होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को आगामी शिविरों में सौ प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### जनचेतना शिविरों के माध्यम से बचाव का प्रशिक्षण जारी

**विदिशा।** आपदा प्रबंधन से बचाव के उपायों से अवगत कराने हेतु जनचेतना शिविरों का आयोजन जारी हैं होमगार्ड के माध्यम से आयोजित किए जा रहे शिविरों की जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक कमांडेट मयंक जैन ने बताया कि कुरवाई तहसील में तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है जो नियत तिथि पर निर्धारित स्थल पर दोपहर तीन बजे से शुरू होगा। जनचेतना शिविर का जारी कार्यक्रम अनुसार 18 जून को ग्राम पंचायत सिरावदा, 19 को ग्राम पंचायत सिरावली में, ग्राम कोटा सिरावली एवं मदउखेडी का संयुक्त रूप से आयोजित किया गया है। शुक्रवार 20 जून को ग्राम पंचायत लचारा में ग्राम बोथी व लचारा का संयुक्त जनचेतना

### अमाछार में हुआ जन चेतना शिविर का आयोजन

**विदिशा।** ग्राम पंचायत अमाछार में आपदा से बचाव संबंधी जन चेतना शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी आरक्षक रोहित भारती के नेतृत्व में एसडीईआरएफ टीम द्वारा बाढ से पूर्व तैयारी, आग की घटना में बचाव, घरेलू उपकरणों से बचाव, राफ्ट बनाना, कंबल, चादर से स्ट्रेचर बनाना, सीपीआर देना, घायलों को प्राथमिक उपचार देना, सांप के काटने पर त्वरित कार्यवाही और सावधानियां तथा ड्राई रेस्क्यू , वज्रपात के दौरान की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी दी गई। आम जनों को सचेत, मोबाइल ऐप की भी जानकारी दी गई एवं 12 लोगों को सचेत एप डाउनलोड करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, टीचर, सहायिका एवं आशा, सिंचाई विभाग के अधिकारी, सचिव, सहायक सचिव, एमपीएस, कोटवार एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। बारिश के दौरान जलमग्न स्थानों को पार न करने की शपथ भी दिलाई गई।

### नवोदय ने 76 आवेदनों के लिए परीक्षा कराई



**शमशाबाद।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास नटेरन शमशाबाद में कक्षा 9 में प्रवेश के लिए पीएमश्री कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल शमशाबाद में परीक्षा हुई। इसमें 76 छात्राओं ने भाग लिया। छात्रावास में केवल 22 सीटें हैं। प्राचार्य संदेश किरार ने बताया कि सभी 76 आवेदनों के लिए परीक्षा कराई गई। मेरिट के आधार पर 22 छात्राओं को छात्रावास में प्रवेश मिलेगा। पहले से छात्रावास में रह रहीं छात्राओं को नियमानुसार प्राथमिकता दी जाएगी। परीक्षा के दौरान अधीक्षिका मधु तिवारी और शिक्षक संतोष शर्मा मौजूद रहे।

# पुलिस चौकी पर स्टाफ की भारी कमी, अपराधियों के हौसले बुलंद, हो रहीं हैं चोरी और लूट जैसे घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कस्बा बागरोद




कस्बा बागरोद स्थित नेशनल हाईवे पर संचालित पुलिस चौकी इस समय स्टाफ की गंभीर कमी से जूझ रही है। भौगोलिक दृष्टि से यह गांव विदिशा जिले की सीमा पर अंतिम छोर पर स्थित है।

यहां से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर सागर जिले की सीमा शुरू हो जाती है, जबकि दक्षिण दिशा में रायसेन जिला भी सटा हुआ है। ऐसे में यह क्षेत्र तीन जिलों की सीमा का संगम बन गया है, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था बेहद कमजोर है।ग्राम बागरोद में कृषि उपज मंडी, पंजाब नेशनल बैंक, डाकघर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और हाट बाजार जैसे प्रमुख संस्थान मौजूद हैं। बावजूद इसके, पुलिस चौकी पर मात्र एक एसआई और एक हेड कांस्टेबल तैनात हैं, जो पूरे क्षेत्र की निगरानी कर पाने में असमर्थ साबित हो रहे हैं। यही कारण है कि क्षेत्र में चोरी, मारपीट और लूट जैसी घटनाएं लगातार हो रही हैं, जिन पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है।पूर्व में कृषि उपज मंडी में लूट की बड़ी वारदात भी घट चुकी है। जानकारी के अनुसार, दस्तावेजों में इस पुलिस चौकी पर एक आठ का बल स्वीकृत है और रोजनामचा भी संधारित किया जा रहा है।

यह चौकी लगभग 38 ग्रामों को कवर करती है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि स्टाफ की भारी कमी से चौकी भगवान भरोसे चल रही है। स्थिति यह है कि जो दो अधिकारी तैनात हैं, उनकी भी आए दिन थाना स्तर पर ड्यूटी लगाई जाती है, जिससे चौकी अक्सर खाली पड़ी रहती है। यदि क्षेत्र में कोई आपराधिक घटना घटती है तो फरियादी को 15 किलोमीटर दूर स्थित त्योंदा थाना जाना पड़ता है, क्योंकि बागरोद पुलिस चौकी में सुनवाई तक नहीं हो पाती। लंबे समय से उठ रही है मांग पर नहीं हो रहा समाधान स्थानीय नागरिकों द्वारा लंबे समय से चौकी पर पर्याप्त पुलिस बल की मांग की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते आज तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। नतीजतन, अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आमजन असुरक्षित महसूस कर रहा है।जनहित में अपेक्षित है कि संबंधित विभाग शीघ्र आवश्यक बल की पदस्थापना कर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सशक्त बनाए, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा मिल सके।

विदिशा जिले का एक मात्र संस्थान जिसमें है।
मध्यभारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट
BA-LLB (Hons) — 5 Years Integrated Course (After 12th)
LLB — 3 Years Course (After Graduation)
D.Pharma — 2 Years Course (After 12th Math, Bio)
प्रवेश प्रारंभ — अधिवक्ता एवं जज बनने का सपना साकार करें।
कॉर्पोरेट ऑफिस : जवाहर लाल नेहरू कॉलेज, रामद्वारा, विदिशा (म.प्र.)
9827011587, 9827796812, 07592-470255, 471025
संचालक मज़हर अली जाफरी

BETWANCHAL GROUP OF INSTITUTIONS
Approved by : AICTE & PCI
Affiliated by : RGPV & Barkatullah University
ADMISSION OPEN
MBA (HR.Marketing, Finance) Duration-2 year Affilizindia: AICTE & Barkatullah University
BBA Duration-3 year affillzindia : barkatullah University
BA Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
BSC Ouration 3 year Affiliated to: barkatullah University
B.COM Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
ITI Fitter Copa Affiliated to NCVT
B. Pharma Duration-4 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
D. Pharma Duration-2 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
Add : NH-146, Village Madipur, Block Gulabganj, Distt. Vidisha City Add : NH-86, Vaishali Viharm Sagar Road, Vidisha
Mob.: 07592-447549, 9755550416

law.kbtgroup.in
E-PRAVESH CODE - INS3230
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबंद्धता, उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त एवं BCI से अनुमोदित
KUSHABHAU THAKRE COLLEGE
3 YEARS LLB (बैचलर ऑफ लॉ)
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
ADMISSIONS OPEN




# मुख्यमंत्री ने खोला विकास का पिटारा, 138.46 करोड़ के कार्यों का किया भूमिपूजन, लोकार्पण

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बदल रहा भारत और मप्र : मुख्यमंत्री यादव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

लगभग 3 घंटे बिलंब से मुख्यमंत्री डॉ. यादव का हेलीकाप्टर से नगरागमन हुआ। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम स्थल पर समाप्त होने के बाद कन्याओं के पूजन के साथ प्रारंभ हुए मंचीय कार्यक्रम, अपार जन समूह की सभा में सबसे पहले स्वागत भाषण में क्षेत्र के विधायक और सरकार में राज्यमंत्री नरेन्द्र पटेल ने नगर और क्षेत्र की प्रमुख 13 मांगे रखी। मुख्यमंत्री यादव से मांगे पूर्ण करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सभा में उपस्थित हजारों महिलाओं, युवाओं, किसानों के बीच पहुंचे और पुष्पवर्षा कर सभी का अभिनंदन किया।

### लोकापर्ण भूमि पूजन

उदयपुरा बरेली विधानसभा क्षेत्र में सरकार के विभिन्न विभागों के 138.46 करोड़ की लागत से बनने वाले मार्गों, भवनों एवं अन्य विकास कार्यों का बटन दबाकर एक साथ लोकापर्ण और भूमिपूजन किया गया। इनमें बरेली, उदयपुरा, देवरी नपं को करोड़ों की राशि विकास एवं निर्माण कार्यों के लिए दी गई है।

### तेजी से बदल रहा भारत

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने थाना मैदान में विशाल जन समुदाय, जिसमें हजारो महिलाए, किसान, ग्रामीण, युवा उपस्थित थे। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत विकास की नई दिशा में आगे बढ रहा है। प्रदेश में जहां 2002-03 तक बिजली डीजल की किल्लत रहती थी। अंधेरा और गुडागर्दी के साथ प्रदेश के हालात खराब थे, गेंहू 5-5 साल तक 5 सौ रू. क्विंटल तक बिकता रहा। अब समर्थन मूल्य 2600 रू. में खरीद हो रही है। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि कांग्रेस की अपने कर्मो के कारण हालत खराब हुई है। हम 5 रू. में किसानों को कनेक्सन दे रहे है। 3 वर्षो में किसानों को बिजली बिलो से छुट्टी मिल जाएगी। प्रदेश में तेजी से बढे सिंचाई रकबे का उल्लेख किया।*

*कहा कि हर खेत को सिंचाई सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है। मेडीकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेजो की संख्या बढी है। कहा कि 2 हवाई अड्डे थे, अब 8 हो गए है। प्रति व्यक्ति आय पहले 11 हजार थी, अब बढ कर एक लाख 12 हजार हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाला समय किसानों की समृद्धि का है, इसलिए अपनी जमीन न बैंचने का आग्रह किया। कहा कि आने वाले वर्षो में म.प्र. दूध उत्पादन का बडा केन्द्र राजधानी बनेगा, प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत और म.प्र. तेजी से बदल और विकास कर रहा है। मुख्यमंत्री ने सभी उपस्थित महिलाए पुरूषों के हाथो को उपर उठवा कर मोदी जी के साथ चलने का संकल्प भी दिलाया।*

## नगर एवं क्षेत्र विकास के लिए मुख्यमंत्री ने की घोषणाएं

## क्षेत्र में पहली बार आए मुख्यमंत्री मोहन यादव स्वागत से हुए अभिभूत

■ सीएम और राज्यमंत्री विकास और निमार्ण कार्यों की लगाई झड़ी

**बरेली।** मुख्यमंत्री की सभा के दौरान क्षेत्र के विधायक और राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने नगर एवं क्षेत्र की 13 मुख्य मांगे मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष रखी गई। जिसमें बरेली को जिला और ब्लॉक मुख्यालय बनाने, पशु चिकित्सालय भवन निर्माण, धार्मिक स्थलों पर्यटन का विकास, स्टेडियम निर्माण, जामगढ़ उदयपुरा को बारना बांध नहर से सिंचाई सुविधा, बरेली को नपं. से नगरपालिका बनाना इत्यादि मांगे सम्मिलित थी।

### मुख्यमंत्री ने की घोषणाएं, उपस्थितों ने किया समर्थन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा वर्षो से चली आ रही दो प्रमुख मांगे बरेली को जिला और ब्लॉक बनाने की मांग छोड कर दशको पुराने जर्जर क्षतिग्रस्त पशु चिकित्सालय भवन निर्माण, बरेली को नगरपालिका बनाने, जामगढ़ भगदेई उदयपुरा में बारना की नहरों से सिंचाई के साथ छींदधाम, जामगढ़, भगदेई, बापौली, मृगन्नाथ गुफा, हनुमानगढ़ी सहित क्षेत्र के अन्य धार्मिक देव स्थानों के कायाकल्प चकाचक करने की घोषणा की गई। इसी के साथ खेल सुविधा के लिए स्टेडियम निर्माण की भी घोषणा की। डॉ. यादव ने कहा कि किसान और भाजपा का संबंध पुराना है। सरकार किसानों, युवाओं, महिलाओं, ग्रामीणों का विकास उनकी समस्याए कम करने का तेजी से प्रयास कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा मंच के पास मैदान में वृक्षारोपण करने के साथ दो हितग्राहियों को ऋण वितरण लाभ के सांकेतिक चेक भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जबलपुर के सांसद आशीष दुबे, क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी, पूर्व मंत्री ठा. रामपाल सिंह राजपूत के साथ भाजपा के अनेक पूर्व विधायकों, उदयपुरा बाडी की महिला जनपद अध्यक्ष, नपं. बरेली के अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उदयपुरा देवरी नपं. के अध्यक्षों के साथ पार्टी संगठन के पदाधिकारियो, वरिष्ठ नेता शिवाजी पटेल, हरनाम सिंह राजपूत, जोधा सिंह अटवाल की उपस्थिति रही। अंत में भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रमों के दौरान कलेक्टर, एसपी सहित स्थानीय अधिकारियों की भारी सक्रियता बनी रही। कार्यक्रम के लिए भारी पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी।

## हजारों लोगों के हाथों में तिरंगा, 108 स्थानों पर मुख्यमंत्री व तिरंगा यात्रा का हुआ स्वागत

### मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने पुष्पवर्षा कर जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

सोमवार को नगर के मुख्य मार्ग पर निकली तिरंगा यात्रा में हजारों स्थानीय एवं ग्रामीण हाथो में तिरंगा लेकर सम्मिलित हुए। तिरंगा यात्रा मार्ग पर 108 स्थानों पर मंच, झांकिया बना कर तिरंगा यात्रा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत होकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने भी पूरे मार्ग के दौनों और खडे लोगो का पुष्पवर्षा कर कर अभिवादन, आभार व्यक्त किया जाता रहा। लगभग डेढ कि.मी. मार्ग पर दौनों ओर से पुष्पों, पुष्पमालाओं की वर्षा होने के साथ अनेक स्थानों पर स्मृति चिन्ह, आवेदन पत्र भी मुख्यमंत्री को दिए गए।

### ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा

नगर में अनेक कथा शोभायात्रा, दशहरे, होली इत्यादि के जलूस निकलते रहते है। यह पहला अवसर था कि आप्रेशन सिंदूर की अपार सफलता भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम साहस को सलाम करने हजारों लोग भारत माता के जयकारें लगाते हुए हाथों में तिरंगा थाम कर सम्मिलित हुए।

चिलचिलाती धूप, असहनीय गर्मी, उमस में भी नगरे के साथ ग्रामीण क्षेत्र से आए युवाओं, किसानों की टोलियां तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुई। तिरंगा यात्रा मार्ग पर अनेक धार्मिक, सामाजिक विभिन्न समाजों के साथ महिला स्व सहायता समूहों, संगठनो द्वारा भी मंच झांकिया बना कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पहली बार नगरागमन और तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक और अविश्मरणीय बना दिया। मार्ग के दौनों किनारे अपार जन समूह के साथ लोगो द्वारा मकानो के उपर से भी पुष्पवर्षा की जाती रही। रथ बनी जीप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राज्यमंत्री नरेन्द्र पटेल, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा भी अपार जन समूह के उत्साह स्वागत को देख पूरे मार्ग पर पुष्पों की वर्षा करते रहे।

## खबर संक्षेप

### शांतनु भारद्वाज ने किया जिले का नाम रोशन



**रायसेन।** शहर के होनहार छात्र शान्तनु भारद्वाज ने यूपीएससी में 116 वीं रैंक के साथ सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स असिस्टेंट कमांडेंट की परीक्षा में सफलता हासिल की है। इनके बड़े पापा भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र भारद्वाज है। पिता योगेंद्र भारद्वाज गवर्नमेंट कांट्रेक्टर और माँ शिक्षिका प्रतिभा उपाध्याय की प्रेरणा से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। शहर के यशवंत नगर की गली से एकाग्र चित्त से पढ़ाई पूरी मेहनत लग्ननिष्ठा से की। उन्होने यह प्रतियोगि परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण कर रायसेन सिटी ही नहीं बल्कि रायसेन जिले का नाम रोशन किया है।

### परेशान किसान ने की कलेक्टर से शिकायत

**रायसेन।** जहां एक तरफ सरकारें किसानों को भरपूर सुविधा देने का वादा कर रही है। तो वहीं दूसरी और कृषक सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक द्वारा किसानों को बकाया राशि बताकर कर रुपये वसूल कर रहे हैं। दरअसल यह मामला रायसेन जिले के बरेली तहसील के अंतर्गत ग्राम खरगोन का बताया जा रहा है । जहां प्राथमिक सहकारीसमिति प्रबंधक ने किसानों के द्वारा ऋण जमा करने के बाद भी दोबारा वसूली की जा रही है, जो कि सरासर गलत है। जिसको लेकर खरगोन, बटेरा, बम्होरी, रजवाड़ा, सिमरिया के किसानों ने कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को आवेदन देकर शिकायत की। साथ ही समिति प्रबंधक के कार्यकाल की गड़बड़ी की जांच पड़ताल कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की अविलंब मांग की है।

## विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन पीएम मोदी के सेवा सुशासन के 11 वर्ष पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा सुशासन के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा नगर के सुमित्रा रतन श्री मैरिज गार्डन में प्रधानमंत्री विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष अनिल सोनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल महामंत्री नेपाल सिंह राजपूत द्वारा की गई।

मुख्य अतिथि सोनी ने कार्यक्रम को संबोधित रूप करते हुए कहा कि सन 2014 से पहले भारत की क्या स्थिति थी और आज 2025 में भारत की क्या स्थिति सभी इससे भली भांति परिचित हैं अब यह पहले जैसा भारत नहीं रहा की कोई भी आतंकवादी आतंकी घटनाओं को अंजाम देकर भाग जाता था अब ऐसा भारत है जो भी कोई भारत में आतंक फैलाएगा उसका मारा जाना निश्चित है हाल ही में भारत में आतंकवादियों को किस प्रकार सबक सिखाया है अब कोई भी आतंकवादी भारत में घुसने से पहले 10 बार सोचेंगे पहले हमारे पास स्वदेशी हथियार उपलब्ध नहीं थे।

### 22 जून से नगर में होगा पंच कल्याणक, गजरथ महोत्सव तैयारियां जारी

**हरिभूमि न्यूज, बरेली।** नगर के चैनपुर रोड पर बने नव निर्मित मंदिर में प्रतिमाओं की स्थापना के लिए 22 जून से गजरथ महोत्सव का धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ हो रहा है। जैन मुनि अक्षय सागर महाराज का ससंघ नगरागमन हो चुका है। इसी के साथ महाराज श्री के संत भवन में प्रवचन भी हो रहे है। जैन मुनि अक्षय सागर महाराज ने कहा कि 84 लाख योनियों में भ्रमण के बाद अच्छे कर्मो से हमें मनुष्य योनि प्राप्त होती है। हमें ऐसे कार्य करना चाहिए जिससे आत्मा जन्म मरण का चक्कर समाप्त हो जाए। जैन मुनि ने कहा कि हमें धन नहीं धर्म का संग्रह करना चाहिए, व्यक्ति के साथ यही साथ जाता है।

## नगर परिषद अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष ने की बीएमओ के साथ मारपीट, मामला दर्ज

### महिला मरीज को इलाज नहीं मिलने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

गैरतगंज के सिविल अस्पताल में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गैरतगंज संजय जैन की पत्नी को अचानक हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत होने पर मरीज को लेकर सिविल अस्पताल गैरतगंज पहुंचे।

समय पर इलाज नहीं मिलने से नाराज नगर परिषद अध्यक्ष जिनेश सिंघई और भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जैन ने किया बीएमओ को ड्यूटी डॉक्टर मौजूद नहीं होने की जानकारी देने के लिए फ़ोन लगाया, लेकिन बीएमओ अनिष्ट लाल ने फ़ोन नहीं उठाया।



### मारपीट कर किया हंगामा

गैरतगंज थाने के एएसआई गुलाब राव लकड़ा से मिली जानकारी के मुताबिक दोनों नेताओं की बीएमओ अनिष्ट लाल से हुई तू तू मैं मैं और फिर बीएमओ अनिष्ट लाल के साथ मारपीट और बदसलूकी की गई। बीएमओ अनिष्ट लाल की शिकायत पर गैरतगंज पुलिस ने दोनों नेताओं के खिलाफ किया मामला दर्ज।

### भीड़ ने गैरतगंज थाने का किया घेराव

थाने से रिपोर्ट लिखाकर वापस लौट रहे बीएमओ की गाड़ी ने एक अन्य गाड़ी को मारी टक्कर। टक्कर लगने वाली गाड़ी में बैठे लोगों ने बीएमओ लाल की एक बार फिर जमकर मारपीट की। पुलिस ने बीएमओ को थाने के अंदर बैठाया। क्योंकि सैकड़ों की संख्या में लोगों ने थाने का कर घेराव कर लिया था।

## कांग्रेस की जिलाध्यक्ष चयन को लेकर मशक्कत जारी

# जनता को गुमराह करने का काम कर रही भाजपा : जीतू पटवारी

◆ झूठ, फरेब ही भाजपा की पहचान : विधायक देवेंद्र पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



नगर के विश्वकर्मा गार्डन में कांग्रेस पार्टी के द्वारा सोमवार को संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी शामिल हुए। जहां उन्होंने कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता से बातचीत की और उन्हें अभियान के संबंध में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि मूंग की खरीद की घोषणा के लिए, 19 महीने की सरकार ने पहली बार संवेदनशीलता दिखाई है। किसानों की एकजुटता के कारण सरकार ने मूंग की खरीदी की घोषणा की है। लोगों को गुमराह करना, भ्रम फैलाना भारतीय जनता पार्टी का काम है। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा और मंत्री विजय शाह ने सेना का अपमान किया और अब लोगों को अलग-अलग तरीके से गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कांग्रेस को अब तक बत्ती देने वालों को पद मिलता रहा है लेकिन अब ये नहीं चलेगा। संगठन की कमजोरी के कारण लोकसभा हम वर्षो से हार रहे हैं।

विधानसभा में एक सीट हमारे पास है। जिले की 3 नगर पालिका परिषद एवं 9 नगर परिषद में एक भी हमारा नहीं है। ब्लॉक अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष को कार्यकर्ताओं को चुनना है। मोदी सरकार केवल 15 प्रतिशत उधोगपतियों की सरकार है। मोदी सरकार को झुकना पड़ा और अब जातिगत जनगणना होने वाली है। उन्होंने कांग्रेस, किसान और गरीब की लड़ाई लड़ने का संकल्प दिलाया।

मप्र कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान को लेकर जिले के केंद्रीय पर्यवेक्षक धीरज गुर्जर विधायक कार्यक्रम में पहुंचे। जिसके तहत संगठन सृजन अभियान के बारे में विस्तार से चर्चा की। जिसमें पूर्व विधायक सहित सभी विभाग एवं प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता और पदाधिकारीगण मौजूद रहें।

कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, धीरज गुर्जर विधायक एवं प्रभारी, पीसी शर्मा, शैलेन्द्र पटेल तथा विधायक देवेन्द्र पटेल सहित मौजूद रहे।

### अनर्गल बोलने वाले मंत्रियों पर कार्यवाही: देवेन्द्र पटेल

विधायक देवेंद्र पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि कहा कि भाजपा झूठ व फरेब की पार्टी बन गई हैं। फूट डालो उव राज करो भाजपा की नीति हो गई है। प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। महंगाई बढ़ रही है। लेकिन सबका विकास की बात करने वाली भाजपा सेना का अपमान करने वाले मंत्रियो पर कार्रवाही करने की हिम्मम नही जुटा पा रही है। महिलाओं का अपमान हो रहा है। सरकार मौन हैं।

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को दोपहर भोपाल से रायसेन होते हुए सिलवानी जाते वक्त यहां सागर भोपाल तिराहे पर थोड़ी देर के लिए कांग्रेसियों द्वारा रायसेन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में ढोलनगाड़ों के बीच फूलमालाओं से गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं मनोज अग्रवाल ने उन्हें रायसेन जिले की राजनीति के नए समीकरण पार्टी की गतिविधियों से अवगत कराया। स्वागत करने वालों में कांग्रेस जिला महामंत्री नारायण सिंह ठाकुर राजकुमार यादव दौलत सेन, प्रमोद साहू एडवोकेट मुकेश शाक्या एडवोकेट हसीब हिंदुस्तानी अकील इंडियन रामेंद्र लाला जावेद कदीर अख्तर लाला, कलीम खान, राजकुमार सेन, संजय विश्वकर्मा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष पवित्रा कौर, सलमा सिद्दीकी जावेद अहमद खान आदि शामिल रहे।

ऐजेन्सी देना है। हरिभूमि
रायसेन जिले में ऐजेन्सी देना है ।
सुल्तानपुर, बेगमगंज, देहगॉव, उदयपुरा, गैरतगंज,
सर्म्पक करें संदीप दुबे : 9826293534
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर,
मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9827743042